# SAMPLE PAPER

International Olympiad Foundation

EXCELLENCE IN EDUCATION
International Olympiad Foundation

| 14+ | MCQ | 0 |
|---|---|---|
| OLYMPIADS | FORMAT | NEGATIVE MARKS |

OLYMPIAD
## Hindi Olympiad
International Olympiad Foundation (IOF) · www.iof.education

| CLASS / GRADE | SUBJECT | DURATION | MAX MARKS |
|---|---|---|---|
| Class 8 | IFHO | 60 Min | 50 |

### GENERAL INSTRUCTIONS

- All questions are Multiple Choice Questions (MCQs) with options A, B, C, D, E
- Each correct answer carries 1 mark. No negative marking for wrong answers.
- Rough work should be done separately. Do not write on question paper.

### PAPER HIGHLIGHTS

- **Multiple Choice Questions (MCQ)** Five options per question (A, B, C, D, E). Select the single most appropriate answer.
- **No Negative Marking** 1 mark per correct answer. Zero deductions — attempt every question.
- **Conducted by IOF** International Olympiad Foundation — fostering excellence among students across India.

SUBJECTS: Cyber · English · Entrepreneurship · Mathematics · Commerce · Economics · GK & Current Affairs · Science · Western Music · Sanskrit · Indian Music · Hindi · Reasoning & Aptitude · Spell Talent

### ALL IOF OLYMPIAD PROGRAMMES

- IFCO — International Foundation Cyber Olympiad
- IFEO — International Foundation English Olympiad
- IFEnO — International Foundation Entrepreneurship Olympiad
- IFMO — International Foundation Mathematics Olympiad
- ICSI — Institute of Company Secretaries of India Commerce Olympiad
- IFEcO — International Foundation Economics Olympiad
- IFGCO — International Foundation General Knowledge & Current Affairs Olympiad
- IFSO — International Foundation Science Olympiad
- IFWMuO — International Foundation Western Music Olympiad
- IFSaO — International Foundation Sanskrit Olympiad
- IFIMuO — International Foundation Indian Music Olympiad
- IFHO — International Foundation Hindi Olympiad
- IFRAO — International Foundation Reasoning & Aptitude Olympiad
- IFSTO — International Foundation Spell Talent Olympiad

© International Olympiad Foundation (IOF) · All Rights Reserved

**Q1.** भाषा - विज्ञान की दृष्टि से ` ऊ ` किस प्रकार का `स्वर ` है? [+1] [-0]

A. पश्च विवृत

B. अग्र संवृत

C. अग्र विवृत

D. पश्च संवृत

E. कोई विकल्प सही नहीं है।

**Q2.** निम्नलिखित में से कौन से शब्द में अनुनासिकता है? [+1] [-0]

A. सम्भव

B. सम्भावना

C. सम्भालना

D. सम्भावित

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q3.** वर्ण विचार, शब्द - विचार तथा वाक्य विचार ये तीन भाग किसके हैं? [+1] [-0]

A. व्याकरण के

B. बोली के

C. भाषा के

D. लिपि के

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q4.** ` वायु ` का ` वर्ण - विच्छेद ` इनमें से कौन-सा है? [+1] [-0]

A. वा + यु

B. व्+ आ+ य्+ उ

C. वे+ यु

D. व्+ आ + ऊ

E. कोई विकल्प सही नहीं है।

**Q5.** इनमें से कौन - सा ` ऊष्म व्यंजन ` नहीं है ? [+1] [-0]

A. ह

B. ष

C. श

D. ल

E. कोई विकल्प सही नहीं है।

**Q6.** निम्न लिखित में से कौन - सा शब्द ` द्रव्य वाचक ` संज्ञा है? [+1] [-0]

A. खटाई

B. मिठाई

C. दूध

D. ठण्ड

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q7.** निम्न में से किसका प्रयोग `सदैव एक वचन ` में होता है? [+1] [-0]

A. नदी का

B. प्रत्येक का

C. साधु का

D. घर का

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q8.** ` तन `शब्द का ` लिंग ` निर्धारित कीजिए - [+1] [-0]

A. पुल्लिंग

B. स्त्रीलिंग

C. उभयलिंग

D. नपुंसक लिंग

E. कोई विकल्प सही नहीं है।

**Q9.** ` फ्रांसीसी ` भाषा की `लिपि ` क्या है? [+1] [-0]

A. रोमन

B. फारसी

C. जापानी

D. देव नागरी

E. कोई विकल्प सही नहीं है

**Q10.** निम्न में से कौन - सा विशेषण है? [+1] [-0]

A. मजहब

B. नैतिक

C. पीड़ा

D. अज्ञान

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q11.** ` दुश्चरित्र व्यक्ति से सम्बन्ध नहीं रखना चाहिए।` इस वाक्य में प्रयुक्त ` दुश्चरित्र ` शब्द व्याकरण की दृष्टि से किस संवर्ग से है? [+1] [-0]

A. संज्ञा से

B. सर्वनाम से

C. विशेषण से

D. क्रिया विशेषण से

E. कोई विकल्प सही नहीं है।

**Q12.** ` आसक्ति ` का पर्यायवाची शब्द कौन - सा है? [+1] [-0]

A. भक्ति

B. श्रद्धा

C. अनुभूति

D. अनुरक्ति

E. कोई विकल्प सही नहीं है।

**Q13.** इनमें से कौन - सा शब्द ` अश्व ` का पर्याय नहीं है ? [+1] [-0]

A. घोटक

B. तुरंग

C. जम्बूक

D. हय

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q14.** अधोलिखित में से कौन - सा `लहर ` का `पर्यायवाची` नहीं है? [+1] [-0]

A. वीचि

B. दुकूल

C. तरंग

D. हिलोर

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q15.** किसी विषय का विवरण देने से पूर्व इनमें से किस ` चिन्ह ` का प्रयोग किया जाता है? [+1] [-0]

A. प्रश्न वाचक चिन्ह का

B. योजक चिन्ह का

C. विवरण चिन्ह का

D. अल्पविराम चिन्ह का

E. कोई विकल्प सही नहीं है।

**Q16.** `आम के आम गुठलियों के दाम ` लोकोक्ति का सही अर्थ क्या है? [+1] [-0]

A. धनवान होना

B. नुकसान होना

C. दोहरा लाभ होना

D. चालाक होना

E. कोई विकल्प सही नहीं है।

**Q17.** निम्नलिखित ` वर्ण - विच्छेद ` का सही शब्द चुनिए – [+1] [-0]

प् + र् +अ +भ्+आ+ त्+अ ।

A. परभात

B. प्यरभात

C. प्रभात

D. प्राभात

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q18.** ` प्रत्येक ` शब्द में कौन - सा उपसर्ग है ? [+1] [-0]

A. प्र

B. प्रति

C. एक

D. इक

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q19.** `तथैव ` का सही सन्धि - विच्छेद कौन - सा है ? [+1] [-0]

A. तथा + एव

B. तथ + एव

C. तथै+ एव

D. त + थैव

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q20.** `ओह ! दूध गिर गया ।` इस वाक्य में ` ओह ` के बाद प्रयुक्त कौन - सा चिन्ह है ? [+1] [-0]

A. पूर्ण विराम चिन्ह

B. अल्प विराम चिन्ह

C. विस्मयादि सूचक चिन्ह

D. प्रश्न वाचक चिन्ह

E. कोई विकल्प सही नहीं है।

**Q21.** ` जब पानी बरसता है, तब मेंढक बोलते हैं ।` यह निम्न में से किस प्रकार का वाक्य है ? [+1] [-0]

A. संज्ञा उपवाक्य

B. विशेषण उपवाक्य

C. क्रिया - विशेषण उप वाक्य

D. क्रिया उपवाक्य

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q22.** ` सौम्य ` शब्द का ` विलोम शब्द ` क्या है ? [+1] [-0]

A. सौभाग्य

B. उग्र

C. शत्रु

D. दुराशय

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q23.** ` मकर संक्रान्ति `का पर्व किस माह में मनाया जाता है ? [+1] [-0]

A. दिसम्बर में

B. जनवरी में

C. मार्च में

D. मई में

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q24.** ` राजकुमार ` में कौन - सा समास है? [+1] [-0]

A. कर्मधारय समास

B. बहुव्रीहि समास

C. द्वंन्द्व समास

D. तत्पुरुष समास

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q25.** `75697 ` इस अंक को शब्दों में कैसे लिखेंगे ? [+1] [-0]

A. पचहत्तर हज़ार, छः सौ, सत्तानबे

B. सत्तर पाँच पचहत्र हजार छ सौ सतानबे

C. सात पाँच हजार छह शौ सत्तानबे

D. षात पाँच छा सौ सीतानबे

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q26.** ` घबराहट ` में कौन - सा प्रत्यय है? [+1] [-0]

A. अट प्रत्यय

B. हट प्रत्यय

C. आहट प्रत्यय

D. राहट प्रत्यय

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q27.** ` तुमको मुझे पढ़ाना है ।` इस वाक्य में `अशुद्ध अंश ` को पहचानिए - [+1] [-0]

A. तुमको

B. मुझे

C. पढ़ाना

D. है

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q28.** निम्नलिखित में `वर्तनी ` की दृष्टि से शुद्ध शब्द कौन - सा है? [+1] [-0]

A. पुज्य

B. परिक्षण

C. प्रान

D. परीक्षा

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q29.** ` मृगधर ` का ` पर्यायवाची शब्द ` क्या है ? [+1] [-0]

A. मयूर

B. सिंह

C. चन्द्रमा

D. शिव

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q30.** ` सुधा ` का `अनेकार्थक शब्द ` इनमें से क्या है? [+1] [-0]

A. बादल, बिजली

B. अमृत, पानी

C. प्राण, प्रियतम

D. सेना, शक्ति

E. कोई विकल्प सही नहीं है

**Q31.** ` गमला ` और ` आलपीन ` किस भाषा के शब्द हैं ? [+1] [-0]

A. फ्रेंच

B. अंग्रेज़ी

C. पुर्तगाली

D. जापानी

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q32.** निम्न में से ` विदेशी ` शब्द कौन - सा है ? [+1] [-0]

A. उष्ट्र

B. अमीर

C. प्रिय

D. भक्त

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q33.** निम्न में से कौन - सा शब्द ` कर्मधारय समास ` का उदाहरण है ? [+1] [-0]

A. राजकुमार

B. पीताम्बर

C. कलाश्रेष्ठ

D. गृह प्रवेश

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q34.** निम्नलिखित में से कौन - सा शब्द ` स्त्रीलिंग ` है ? [+1] [-0]

A. फुटपाथ

B. स्कूल

C. स्टोव

D. केतली

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q35.** उर्दू शब्द ` सौदा ` का ` बहुवचन ` में क्या रूप होता है? [+1] [-0]

A. उसका रूप परिवर्तित हो जाता है ।

B. उसके रूप में कोई परिवर्तन नहीं होता ।

C. बहुवचन में उसके विकल्प का प्रयोग किया जाता है।

D. उसके अंत में ` गर ` लगा देते हैं ।

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q36.** `आप की सब राह देख रहे हैं । ` इस वाक्य में `आप ` शब्द कौन - सा ` सर्वनाम ` है ? [+1] [-0]

A. प्रश्नवाचक सर्वनाम

B. सम्बन्धवाचक सर्वनाम

C. निश्चयवाचक सर्वनाम

D. निजवाचक सर्वनाम

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q37.** ` काँच ` का पर्यायवाची शब्द कौन - सा है? [+1] [-0]

A. शीशा

B. सीसा

C. शिपा

D. शिसा

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q38.** `आकृति ` शब्द का ` समभिन्नार्थक ` क्या है ? [+1] [-0]

A. बनावट

B. वस्त्र

C. चित्र

D. समरूप

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q39.** ` जिस स्त्री के पुत्र और पति न हों ।` इस वाक्य के लिए एक उपयुक्त शब्द कौन - सा होगा ? [+1] [-0]

A. अवीरा

B. अबला

C. असहाय

D. अकैल्या

E. कोई विकल्प सही नहीं है।

**Q40.** ` कूप मंडूक होना ` मुहावरे का क्या अर्थ है? [**+1**] [-**0**]

A. कुएँ में गिरना

B. मूर्ख होना

C. मात देना

D. सीमित ज्ञान या अनुभव होना

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q41-45.** अधोलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर उचित विकल्प चुनकर दीजिए – **[+1] [-0]**

` ईर्ष्या `का काम जलाना है, मगर सबसे पहले वह उसी को जलाती है जिसके हृदय में उसका जन्म होता है। आप भी ऐसे बहुत से लोगों को जानते होंगे जो ईर्ष्या और द्वेष की साकार मूर्ति हैं, जो बराबर इस फिक्र में लगे रहते हैं कि कहाँ सुनने वाले मिलें कि अपने दिल का गुबार निकालने का मौका मिले। श्रोता मिलते ही उनका ग्रामोफ़ोन बजने लगता है और वे बड़े ही होशियारी के साथ एक - एक कांड इस ढंग से सुनाते हैं, मानों विश्व कल्याण को छोड़कर उनका और कोई ध्येय नहीं हो । मगर, ज़रा अपने इतिहास को भी देखिए और समझने की कोशिश कीजिए कि जबसे उन्होंने इस सुकर्म का आरंभ किया है, तब से वे अपने क्षेत्र में आगे बढ़े हैं या पीछे हटे हैं। यह भी कि अगर वे निंदा करने में समय और शक्ति का अपव्यय नहीं करते तो आज उनका स्थान कहाँ होता।

**Q41:** ` ईर्ष्या ` का क्या काम है? [+1] [-0]

A. रूलाना

B. हँसाना

C. जलाना

D. नचाना

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q42:** गद्यांश में प्रयुक्त ` ध्येय ` का क्या अर्थ है ? [+1] [-0]

A. लक्ष्य

B. इच्छा

C. आदर्श

D. मूल्य

E. कोई विकल्प सही नहीं है।

**Q43:** गद्यांश में ईर्ष्यालु व्यक्तियों की क्या की गई है? [+1] [-0]

A. प्रशंसा की गई है।

B. खिल्ली उड़ाई गई है ।

C. स्तुति की गई है।

D. उपासना की गई है ।

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q44:** `अपव्यय ` का क्या अर्थ होता है? [+1] [-0]

A. खर्च

B. कम खर्च

C. अधिक खर्च

D. फिजूल खर्च

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q45:** गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक क्या होगा? [+1] [-0]

A. ईर्ष्या

B. निंदा

C. ईर्ष्या से लाभ

D. अपव्यय

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q46-50.** निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर उचित विकल्प चुनकर दीजिए – **[+1] [-0]**

तापित को स्निग्ध करे,प्यासे को चैन दे,
सूखे हुए अधरों को फिर से जो बैन दे,
ऐसा सभी पानी है।।
लहरों के आने पर, काई सा फटे नहीं,
रोटी के लालच में, तोते - सा रटे नहीं,
प्राणी वही प्राणी है।।
बोले तो हमेशा सच, सच से हटे नहीं,
झूठ के डराए से, हरगिज़ डरे नहीं,
सचमुच वही सच्चा है।।

**Q46:** 'तापित' का पर्यायवाची शब्द क्या है ? [+1] [-0]

A. लालच
B. पानी
C. प्राणी
D. दुखित
E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q47:** कैसा पानी सच्चे अर्थ में पानी कहलाता है? [+1] [-0]

A. प्यासे को राहत दे ।
B. प्यासे को तड़पाए ।
C. प्यासे को राहत न दे ।
D. प्यासे को पास न आने दे ।
E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q48:** सच्चा प्राणी कौन है? [+1] [-0]

A. मुसीबत आने पर डरे नहीं बल्कि डटकर मुकाबला करे
B. मुसीबत का मुकाबला न करे ।
C. मुसीबत से पीछे हटे ।
D. मुसीबत में घबराए।
E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q49:** ` सच्चा ` का ` विपरीतार्थक ` शब्द क्या है? [+1] [-0]

A. जूठा
B. झूठा
C. रूठा
D. प्रेम
E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q50:** ` स्निग्ध ` का पर्यायवाची शब्द क्या है ? [+1] [-0]

A. प्रेम

B. मय

C. प्रेममय

D. कष्टमय

E. कोई विकल्प सही नहीं है।

INTERNATIONAL OLYMPIAD FOUNDATION (IOF)

# ANSWER KEY

Hindi Olympiad
www.iof.education

| CLASS / GRADE | SUBJECT | TOTAL QUESTIONS | MAX MARKS |
|---|---|---|---|
| Class 8 | IFHO | 50 | 50 |

ANSWER SHEET — 50 QUESTIONS

| Q01–Q10 | ANS | Q11–Q20 | ANS | Q21–Q30 | ANS | Q31–Q40 | ANS | Q41–Q50 | ANS |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Q01 | D | Q11 | C | Q21 | C | Q31 | C | Q41 | C |
| Q02 | C | Q12 | D | Q22 | B | Q32 | B | Q42 | A |
| Q03 | A | Q13 | C | Q23 | B | Q33 | B | Q43 | B |
| Q04 | B | Q14 | B | Q24 | D | Q34 | D | Q44 | D |
| Q05 | D | Q15 | C | Q25 | A | Q35 | B | Q45 | A |
| Q06 | C | Q16 | C | Q26 | C | Q36 | D | Q46 | D |
| Q07 | B | Q17 | C | Q27 | A | Q37 | A | Q47 | A |
| Q08 | A | Q18 | B | Q28 | D | Q38 | A | Q48 | A |
| Q09 | A | Q19 | A | Q29 | C | Q39 | A | Q49 | B |
| Q10 | B | Q20 | C | Q30 | B | Q40 | D | Q50 | C |


◆ ALL IOF OLYMPIAD PROGRAMMES ◆

IFCO International Foundation Cyber Olympiad
IFEO International Foundation English Olympiad
IFEnO International Foundation Entrepreneurship Olympiad
IFMO International Foundation Mathematics Olympiad
ICSI Institute of Company Secretaries of India Commerce Olympiad
IFEcO International Foundation Economics Olympiad
IFGCO International Foundation General Knowledge & Current Affairs Olympiad
IFSO International Foundation Science Olympiad
IFWMuO International Foundation Western Music Olympiad
IFSaO International Foundation Sanskrit Olympiad
IFIMuO International Foundation Indian Music Olympiad
IFHO International Foundation Hindi Olympiad
IFRAO International Foundation Reasoning & Aptitude Olympiad
IFSTO International Foundation Spell Talent Olympiad


© 2025 International Olympiad Foundation (IOF) · All Rights Reserved